आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 22.05.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस' के अवसर पर उप–राज्यपाल ने जैव विविधता की रक्षा करने का आग्रह किया है।
- मत्स्य पालन विभाग की ओर से कल झींगा और मिट्टी केकड़ा पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।
- आई जी ओ टी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के पंजीकरण में तीस गुना वृद्धि हुई है।
- चेन्नई से आ रहे जहाज एम वी सिंधु के कलम्‍ सुबह छः बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना हैं।

<><><><><><><>

आज पूरे देश के साथ द्वीपों में भी अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस' मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम "प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास" है, जो जैव विविधता और मानव कल्याण के बीच गहरे संबंध को स्पष्ट करती है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपसमूह के लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह दिवस सभी से प्राकृतिक दुनिया के साथ अपने संबंधों की फिर से कल्पना करने का आह्‍वान करता है। प्रकृति के साथ सामंजस्य एक आदर्श से कहीं अधिक है – यह जीवन जीने का एक तरीका है। उप–राज्यपाल ने कहा कि यह पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन के लिए गहरे सम्मान, प्रकृति के उपहारों का जिम्मेदारी से उपयोग करने की मांग करता है। द्वीपसमूह अपने वर्षावन, जीवंत प्रवाल भित्तियों और दुर्लभ स्थानिक प्रजातियों के साथ, दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण जैव विविधता हॉटस्पॉट में से एक हैं। उन्होंने लोगों से पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने वाली जैव विविधता की रक्षा करने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग की ओर से कल झींगा और मिट्टी केकड़ा पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। क्यारी के केंद्रीय खारा जलकृषि संस्थान, चेन्नई के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मरीन हिल स्थित मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र में मत्स्य पालन

सचिव ज्योति कुमारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल व्यक्तिगत आजीविका को सशक्त बनाते हैं, बल्कि खारे पानी के जलीय कृषि उत्पादन की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी योगदान देते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के बाद प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त के लिए प्रोत्साहित किया। मत्स्य पालन सचिव ने उद्घाटन सत्र के दौरान केंद्रीय खारा जलकृषि संस्थान द्वारा तैयार प्रशिक्षण मैनुअल का विमोचन किया। इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों को मिट्टी केकड़ा पालन और झींगा पालन तकनीकों पर जानकारी प्रदान कर स्थायी जलीय कृषि को बढ़ावा देना है। सी आई बी ए के पोषण, आनुवंशिकी और जैव प्रौद्योगिकी प्रभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के. अंबाशंकर ने द्वीपसमूह में खारे पानी की जलकृषि की अपार संभावनाओं पर जोर दिया।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से द्वीप नारियल महोत्सव दो हजार पच्चीस इक्कतीस मई और एक जून को पुनर्निर्धारित किया गया है। 'नारियल का उत्सव – द्वीपों की संस्कृति, भोजन और शिल्प' थीम के साथ यह उत्सव प्रदर्शनी मैदान में आयोजित किया जाएगा। उत्सव का उद्देश्य नारियल आधारित पर्यटन और आजीविका को बढ़ावा देना, भोजन, शिल्प और स्वास्थ्य में नारियल के पारंपरिक और आधुनिक उपयोगों को उजागर करना और गतिविधियों, प्रदर्शनियों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देना है। खाद्य स्टॉल लगाने के इच्छुक लोग निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन पत्र सत्ताईस मई सुबह दस बजे तक जमा कर सकते हैं। स्टाल का आवंटन और आवंटन पत्र अट्ठाईस मई को जारी किया जाएगा। लॉटरी प्रणाली के माध्यम से चयनित आवेदकों को स्टाल आवंटित किए जाएंगे। उत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम–मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत आई जी ओ टी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर पूरे देश में एक करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। यह जनवरी दो हजार तेईस की तुलना में तीस गुना वृद्धि है। यह वृद्धि दो वर्षों में हुई है। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री जितेंद्र सिंह ने कल इस प्रमुख उपलब्धि की घोषणा की। आई जी ओ टी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म सोलह भाषाओं में दो हजार चार सौ से अधिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इसमें केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रालयों तथा विभागों, सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों, नागरिक समाज संगठनों, परोपकारी निकायों, प्रमुख भारतीय शैक्षणिक संस्थानों और निजी उद्योग विशेषज्ञों सहित दो सौ से अधिक पाठ्यक्रम प्रदाताओं ने योगदान दिया है। सभी

पाठ्यक्रम स्वदेशी रूप से विकसित कर्मयोगी योग्यता मॉडल के अनुरूप हैं। यह पाठ्यक्रम भारतीय ज्ञान और मिशन कर्मयोगी के सिद्धांतों पर आधारित है।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की क्षेत्रीय केन्द्र की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है "प्लास्टिक प्रदूषण का मुकाबला"। इस सिलसिले में स्कूली और कॉलेज विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और आम जनता के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। स्कूली और कॉलेज विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं के लिए उनतीस मई को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियाँ पर प्रश्नोत्तरी, वाद–विवाद प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। चार जून को पुनर्चक्रित प्लास्टिक अपशिष्ट पर प्रदर्शनी, फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता और जीव विविधता पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जो सभी के लिए खुली है।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जहाज एम वी सिंधु के कल सुबह छः बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना हैं। जहाज में एक सौ से अधिक यात्री सवार है। इसमें एक सौ से अधिक मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

इस बीच, एम वी कैम्पबेल बे कल शाम चार बजे श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामानों को चढ़ाने का कार्य आज दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल दोपहर दो बजे से किया जाएगा। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के सभी विभागों में तिमाही मॉक ड्रिल अनिवार्य करने के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार, आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से कल बृंदाबन के सागौन बागान में वन अग्नि मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य जंगल में आग लगने की स्थिति में वन विभाग की तैयारियों और प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करना था। जंगल में लगने वाली आग को नियंत्रित करने और बुझाने के लिए बीटिंग विधि के इस्तेमाल का अभ्यास किया गया। डीब्रीफिंग सत्र के दौरान आपदा प्रबंधन

निदेशालय के सहायक निदेशक जनिक राम ने वन विभाग और समन्वय विभागों की प्रभावी प्रतिक्रिया और मॉक ड्रिल के आयोजन की सराहना की।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

समग्र क्षेत्रीय केन्द्र में दिव्यांगजनों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित करने के समाचार को द्वीप समाचार ने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। राजकीय मुद्रणालय में एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण अभियान चलाए जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। चाथम शॉ मिल में श्रमिकों की समस्याओं पर चर्चा के लिए वन मजदूर संघ के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर के वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक के साथ बैठक करने के समाचार को इंफो इंडिया ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। श्रम विभाग में प्लेटफार्म और गिग वर्कर्स के ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराने का आग्रह करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने भीतर के पन्ने में जगह दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने शोलबे और बम्बूफ्लाट ग्राम पंचायत में नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के समाचार को पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है।

<><><><><><><>